## एक नजर में

### पिछले 24 घंटों में पंधाना में 6 मि.मी. वर्षा दर्ज

खंडवा। जिले में गत चौबीस घंटों में पंधाना तहसील में 6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पंधाना को छोड़कर अन्य किसी भी तहसील में कोई वर्षा दर्ज नहीं की गई है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 31 जुलाई तक 456 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी। जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 326 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 374 मिली मीटर हरसूद तहसील में 343 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 251 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 281 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 381 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मि.मी. है।

### नेशनल टीम ने बमनगांव व मूंदवाड़ा अस्पतालों का वर्चुअल मूल्यांकन किया




खंडवा। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की राष्ट्रीय गुणवत्ता मूल्यांकन प्रणाली की टीम ने विकासखण्ड खण्डवा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बमनगांव अखाई व मूंदवाड़ा में स्वास्थ्य सुविधाओं का वर्चुअल मूल्यांकन किया। मूल्यांकन टीम में नेशनल असेसर डॉ. परम मिश्रा व आकृति कुमारी ने बमनगांव तथा डॉ. राहुल रामचरण शिंदे व डॉ. बिंदिया राजपूत ने मूंदवाड़ा में ओ.पी.डी. कक्ष, दवा वितरण कक्ष, प्रसव कक्ष, स्टोर कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, वार्ड में साफ सफाई व रिकार्ड संधारण एवं मरीजों की दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं का वर्चुअली मूल्यांकन किया है। साथ ही मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में उनसे चर्चा कर जानकारी ली। इस दौरान क्वालिटी मॉनिटर अंकिता भावे व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.के. सेठिया भी मौजूद थे।

### सुपर-100" परीक्षा प्रदेश के 57 केन्द्रों पर 3 अगस्त को होगी

खंडवा। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा "सुपर-100 योजना" में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जा रहा है। परीक्षा जिला स्तर पर बनाये गये विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगी। जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी ने बताया कि यह रविवार को प्रथम पारी में प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक कक्षा-11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे तक कक्षा-11वीं में नीट की तैयारी के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। प्रदेश में परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या 10 हजार 727 है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार आश्रम इंदौर में प्रवेश दिया जायेगा। सुपर-100 परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिये गये हैं।

### जिला स्तर पर सर्वोत्तम कृषक को मिलेगा 25 हजार रू. का इनाम

खंडवा। कृषि विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर सर्वोत्तम कृषक का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके लिए जिले के किसानों से कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, रेशम पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले कृषकों से आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त निर्धारित की गई है। परियोजना अधिकारी आत्मा परियोजना ए.एस.सोलंकी ने बताया कि विकासखण्ड स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार प्रत्येक विकासखण्ड से 5 किसानों को दिया जाएगा। कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र के लिए प्रत्येक किसान को 10-10 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तरीय सर्वोत्तम पुरस्कार के लिए जिले से कुल 5 कृषकों को 25-25 हजार रूपये के पुरस्कार दिये जाएंगे। इसी तरह राज्य स्तरीय सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार में 50 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। कृषक बन्धु पुरस्कार के लिए अपने आवेदन कृषि विभाग के जिला या खंड स्तरीय कार्यालय में अथवा उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, रेशमपालन एवं अभियांत्रिकी विभाग कार्यालयों में सम्पर्क कर सकते हैं।

### 90 वर्षों से खंडवा की सेवा में संलग्न - एमडी शुभम जैन

खंडवा। खंडवा के प्रतिष्ठित औद्योगिक घराने CH ग्रुप को लेकर हाल ही में एक भ्रामक खबर प्रकाशित हुई थी, जिसमें यह आरोप लगाया गया कि समूह द्वारा जनता को भ्रमित कर दूसरे नाम से प्लॉट बेचे जा रहे हैं। इस पर कंपनी के एमडी शुभम जैन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर खबर का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह गलत और निराधार बताया। एमडी श्री जैन ने कहा कि हमारा परिवार पिछले 90 वर्षों से खंडवा में जनता की सेवा कर रहा है और भविष्य में भी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ अत्याधुनिक सुविधाओं और संसाधनों से युक्त कॉलोनियों का निर्माण कर शहरवासियों को देंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व में बुरहानपुर की एक कंपनी के साथ साझेदारी की गई थी, जिसके शेष शेयर CH ग्रुप ने क्रय कर लिए हैं। अब उस कंपनी के समस्त क्रय-विक्रय के अधिकार CH ग्रुप के पास हैं। इसके बाद हमारी कंपनी ने नई ब्रांडिंग के साथ गतिविधियां शुरू की हैं। रेरा का हवाला देते हुए प्रकाशित खबर को खारिज करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में CH ग्रुप द्वारा बेचे जा रहे प्लॉट पूर्ण दस्तावेजों और पारदर्शिता के साथ ग्राहकों को दिए जा रहे हैं। एमडी शुभम जैन ने खंडवा के समस्त पत्रकारों और नागरिकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि जिन्हे भी शंका है वे आकर दस्तावेज देखें। उन्होंने कहा, 90 वर्षों से खंडवा की सेवा कर रहा CH ग्रुप, शहर के नागरिकों का सच्चा सहयोगी है और रहेगा।

### आपदा प्रबंधन में सहयोगी आपदा मित्रों का सम्मेलन



खंडवा। राष्ट्रीय आपदा मित्र परियोजना के अन्तर्गत पंजीबद्ध आपदा मित्रों का सम्मेलन होमगाड्र्स लाइन, खण्डवा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की सभी तहसीलों के लगभग 150 से अधिक आपदा मित्र सम्मिलित हुए। सम्मेलन में जिला सेनानी,होमगार्ड आशीष कुशवाहा ने आपदा मित्रों को संबोधित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिले में स्थित ओंकारेश्वर में नर्मदा तटों पर, सिंगाजी समाधि स्थल पर तथा अन्य ऐसे स्थल,जहां विविध त्यौहारों के दौरान जनमानस को सुरक्षा की दृष्टि से लगातार समझाइश देने तथा चौकसी रखे जाने की आवश्यकता होती है,ऐसे स्थलों पर नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से आपदा मित्रों की जरूरत होती है। इस दौरान प्लाटून कमाण्डर रविन्द्र महिवाल, सहायक उपनिरीक्षक अंकेश सोमानी तथा होमगाड्र्स एसडीईआरएफ जवान उपस्थित रहे।

### विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त तक

खंडवा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 से 7 अगस्त तक स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम इनवेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग,इनवेस्ट इन द फ्यूचर है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्तनपान सप्ताह के तहत आशा, आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओं को स्तनपान के महत्व और उसके लाभ संबंधी जानकारी दी जायेगी। डॉ. जुगतावत ने बताया कि जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं में डिलेवरी पॉइंट में और ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं की बैठक लेकर चर्चा कर जागरुक किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्तनपान सप्ताह के तहत महिलाओं को समझाया जाएगा कि शिशु को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करवायें और प्रसव के तुरंत बाद 3 से 4 दिन तक निकलने वाले पीले गाढ़े दूध कोलस्ट्रम नवजात शिशु को अवश्य पिलाएं, क्योंकि यह कई बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है।

# इंदिरा सागर का लाभांश विस्थापितों को बांटने में अनियमितताएं!

## कलेक्टर और एसपी ने पावर स्टेशन पहुंचकर पानी छोड़ने और बिजली बनाने की प्रक्रिया समझीं

नवभारत न्यूज

**खंडवा। लगभग पूरा मध्यप्रदेश खंडवा जिले की बिजली से जगमगा रहा है। कारखानों के पहिए भी यहीं कि बिजली से रफ्तार पा रहे हैं। भरपूर बिजली के साथ गुजरात की तरफ भारी मात्रा में पानी भी भेजा जा रहा है।**

इसी बिजली का खंडवा को भले उतना फायदा नहीं मिल रहा है, लेकिन मध्यप्रदेश की शान बढी है। स्मार्ट मीटर लगाकर प्रदेश की विद्युत वितरण कंपनी जिले के उपभोक्ताओं को करंट के बड़े झटके दे रही है।

### सस्ते में डुबा दिया खंडवावालों को

यहां के लोगों ने अपनी पैतृक संपत्ति तक सस्ते दामों में इंदिरा सागर में डुबो दी। उस वक्त इन्हें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की उपमा दी जा रही थी। आज 10- 20 एकड़ की जमीन वाले हाथ ठेला धका रहे हैं।

### डूब प्रभावितों के हिस्से की राशि में बड़ा घोटाला!

इंदिरा सागर परियोजना साल 2000 में आकर ले चुकी थी। तब से अरबों रुपए की बिजली बन चुकी है। पनबिजली उत्पादन में सबसे कम लागत आती है। एक तिहाई खंडवा जिला बिजली कारखाने के लिए डुबो दिया गया। इसके बावजूद लाभांश का एक निश्चित प्रतिशत खंडवा पर खर्च नहीं किया जा रहा है। साल 2000 से अभी तक के लाभांश का प्रतिशत खर्च करने की जांच की जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। इसमें अफसरशाही और राजनीति से लगातार बंदरबांट हो रही है।



### कलेक्टर व एसपी ने देखी जमीनी हकीकत

हालांकि यह एक बड़ी उपलब्धि है, इसीलिए कलेक्टर और एसपी ने इंदिरा सागर पावर स्टेशन पहुंचकर जमीनी हकीकत भी जानी। मानसूनी गतिविधियों को जायजा लेने के लिए 31 जुलाई को खण्डवा के जिलाधिकारी ऋषभ गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने एनएचडीसी, इंदिरा सागर पॉवर स्टेशन में दौरा किया। उन्होंने बॉंध प्रबंधन से बॉंध द्वारा छोड़े जा रहे पानी एवं बढ़ते हुए जलस्?तर की जानकारी ली।

### लगातार छोड़ रहे पानी

इंदिरा सागर जलाशय के अप स्ट्रीम में जल स्तर बढ़ने एवं संभावित बाढ़ की स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए इंदिरा सागर बॉंध के 12 गेट 27 जुलाई से लगातार खुले हुए हैं। उक्त सूचना बॉंध के डाउन स्ट्रीम में जन समान्य को जनसुरक्षा के दृष्टिगत सभी संबंधित प्रशासनों एवं प्रबंधकों को प्रेषित की जा चुकी है।

### 25 साल से उगल रहा बिजली

एनएचडीसी लिमिटेड जो कि एनएचपीसी लिमिटेड एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उद्यम है, जो सन् 2000 में स्थापित हुई थी।



वर्तमान में इसकी दो जलविद्युत परियोजनाएं इंदिरा सागर पावर स्टेशन (1000 मेगावाट) एवं ओंकारेश्वर पावर स्टेशन (520 मेगावाट) तथा दो सोलर परियोजनाएं ग्राउंड माउंटेड सांची सोलर प्रोजेक्ट (8 मेगावाट) तथा ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट (88 मेंगावाट) द्वारा उत्पादित शत् प्रतिशत मध्यप्रदेश को दी जा रही है।

### सौर्य ऊर्जा उत्पादन में भी रिकॉर्ड

एनएचडीसी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन के अन्य विकल्पों के माध्यम से भी प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत् है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, अजीत कुमार, शिवम प्रजापति, एसडीएम, पुनासा के साथ-साथ गोपाल खण्डेलवाल, महाप्रबंधक (सिविल), एच.पी. सिंह, महाप्रबंधक (आईटी), अमरेन्द्र कुमार, उप महाप्रबंधक (सिविल) बॉंध विभाग, सीआईएसएफ के सहायक कमाण्डेंट, संजीव कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आनेवाली पीढ़ियों को संस्कार देना हमारा कर्तव्य : मुकेश तनवे

नवभारत न्यूज

खंडवा। श्री तुलसी पुण्यतिथि उत्सव का समापन हुआ। इसमें विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे ने कहा कि, आनेवाली पीढ़ियों को संस्कार और साहित्य देना हमारा कर्तव्य है। यह आयोजन इसीउद्देश्य को चरितार्थ कर रहा है।

श्री तनवे ने कहा कि हमने जो अपने पूर्वजों से संस्कृति, संस्कार और साहित्य पाया है, उसे वैसा का वैसा या उसे परिष्कृत करके अपनी अगली पीढ़ी को सौंपना हमारा कर्तव्य है, यदि इस काम में हमसे चूक हुई तो हम दोषी होंगे।

इस अवसर पर डॉ भारती पाराशर ने रामायण एवं रामचरित मानस पर अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी ने भी सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। अंतिम दिन प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।




जिसमें अतिथिगण के साथ सेवादास पटेल, अध्यक्ष आशीष चटकेले, महामंत्री दिनेश पालीवाल ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृतिचिन्ह के रूप में श्रीराम मंदिर अयोध्या की प्रतिकृति प्रदान की गई।

अलग-अलग वर्गों में भजन में प्रथम तनिष्क मोहे, द्वितीय अंजली मालाकार, एवं मादेश स्वामी, तृतीय दुर्गेश्वरी नरोले, तत्कालीक भाषण में प्रथम वंश सैनी, निबंध में प्रथम अनुष्का कोरसिया, द्वितीय दिनेश प्रजापति, तृतीय प्रतीक्षा वानखेड़े एवं तृतीय विहान कुमार लाड़ भाषण में प्रथम शिवम पटेल, द्वितीय वंश सैनी चित्रकला में प्रथम अर्णव अत्रे, द्वितीय तन्वी नागर, तृतीय सत्यम तंवर रहे जिन्हें सम्मानित और पुरस्कार किया गया। आयोजन में भूपेंद्र सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। संचालन भावेश बिल्लोरे ने किया एवं आभार दिनेश पालीवाल ने व्यक्त किया।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले 6 आरोपियों को सजा

नवभारत न्यूज



खंडवा। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रचना अतुलकर जोशी, खण्डवा की न्यायालय द्वारा निर्णय पारित करते हुए आरोपी 1. रामलाल पिता अनारसिंह, 2 संदीप पिता लक्ष्मणसिंह 3 लक्ष्मणसिंह चौहान पिता मधरूपसिंह, 4. लालू उर्फ लालसिंह, पिता लक्ष्मणसिंह, 5. रघुवीर पिता हरेसिंह, 6 प्रदीप पिता लक्ष्मणसिंह सभी निवासी ग्राम पछाया जिला खण्डवा को धारा 452/34 भादवि में 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपए अर्थदण्ड एवं धारा 323/34 व धारा 427/34 भादवि में 06-06 माह का कारावास एवं 500-500 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन की ओर से मामले की पैरवी सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी, मो. जाहिद खान द्वारा किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी हरिप्रसाद बांके, एडीपीओ. द्वारा बताया गया कि, फरियादी शिवचरण द्वारा थाना छैगांवमाखन में रिपोर्ट दर्ज कराई दिनांक 11.07.2019 को रात्रि के 10 बजे की बात है। मेरे घर के सामने आकर लक्ष्मणसिंह व उसके लडके संदीप, लालू व प्रदीप आये ओर गालियां देते हुये बोले की संजय मोरे लडके संदीप की मोटरसाईकिल को टक्कर मारकर आया है बाहर निकल तो में बाहर आया ओर समझाया लेकिन नहीं माने तथा मेरे साथ हाथ मुक्को से मारपीट करने लगे ओर मुझे निचे गिरा दिया। मेरी लडकी विडियों बना रहीं थी तो संदीप ओर प्रदीप ने मोबाईल छीन कर फेंक दिया, जिससे मोबाईल टुटकर खराब हो गया। बाद में चारों लोग घर के अंदर घुस गये ओर लडकी को लालू ने लकडी से मारी जिससे चोट लगी। मेरा लडका रविन्द ओर संजय तथा मेरे पिता बुधन व पत्नी सुशीलाबाई झगडा छुडाने लगे तो इन लोगों के साथ भी मारपीट की।

बाद में रघुवीर ओर रामपाल भी आ गये तथा इन लोगों ने हमको घर से बाहर खींचकर हाथ मुक्कों से मारा। जिससे मुझे मुंह के उपर व पसली में तथा मेरी लडकी को सिर तथा गला ओर पेट में चोट लगी। रविन्द्र को पेट में अन्दरूनी चोटे लगी। संजय के सीधे हाथ के उपर दाहिनी आंख के उपर कमर के उपर बुध को कमर के उपर, सुशीलाबाई को पेट में अन्दरूनी चोट आई। पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

# पुण्यतिथि पर मो. रफी को सुरमयी गीतों के माध्यम से किया याद




नवभारत न्यूज

**खंडवा। मालीकुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय में मंच संस्थापक प्रमोद जैन के साथ सदस्यों व्दारा पार्श्व गायक मो. रफी को पुण्यतिथि पर पर छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सुरमयी गीतों के माध्यम से याद किया गया।**

यह जानकारी देते हुए मंच के निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर मंच के सुनील सोमानी, नीतिन मुदलियार, मनीष गुप्ता, अजय मंडलोई, जीडी श्रॉफ, अशोक पारवानी, विजया दिवेदी, योगेश गुजराती, शीतांशु गीते, रजत सोहनी, अर्जुन बुंदेला, धीरज नेगी आदि व्दारा मो. रफी के गाये गीतों को कराओके पर गाकर मो. रफ़ी की याद ताजा कर दी।

इस मौके पर सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,जगदीशचंद्र चौरे,सुरेंद्र गीते ,केबी मंसारे,गणेश भावसार,मुरली कोडवानी, राधेश्याम शाक्य आकांशा सिसोदिया,निर्मल मंगवानी, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सदस्य उपस्थित थे।

### असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

खंडवा। जिले के विभिन्न थानों में 22 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 17 प्रकरणों मे 17 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 बीएनएसएस के तहत 01 प्रकरण मे 01 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरण मे 04 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में 17 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन मे 19 गिरफ़्तारी, 02 स्थाई वारंट, 18 जमानती वारंट, 36 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किए गए।

### स्वतंत्रता दिवस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक 5 अगस्त को

खंडवा। आगामी 15 अगस्त को खंडवा जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर ऋषव गुप्ता 5 अगस्त को करेंगे। यह समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है।

**पूजा अर्चना** — महापौर अमृता अमर यादव के नेतृत्व में अटल सरोवर में हुआ श्रद्धापूर्वक आयोजन

# जल देवी पूजन एवं यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खंडवा। नगर निगम खंडवा द्वारा नागचून स्थित अटल सरोवर परिसर में जल देवी का विधिवत पूजन एवं यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन एवं यज्ञ

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक विधि-विधान से की गई, जिसमें जल देवी की पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ किया गया। यज्ञ में सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भाग लेकर पूर्ण आहूति अर्पित की तथा उपरांत प्रसाद ग्रहण किया।

### अटल उद्यान में भ्रमण एवं अटल जी को नमन

पूजन पश्चात महापौर ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा को नमन किया एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ अटल उद्यान का भ्रमण कर सौंदर्यीकरण व नागरिक सुविधाओं के संबंध में चर्चा की।

नगर निगम खंडवा नागरिकों से आह्वान करता है कि वे जल संरक्षण के महत्व को समझें, जल स्त्रोतों की रक्षा करें एवं निगम द्वारा किए जा रहे पर्यावरणीय प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव, अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्यों, महिला पार्षदगण एवं उपायुक्त एस.आर.सिटोले, सहायक आयुक्त सुप्रिया मेड़ा, कार्यपालन यंत्री राधेश्याम उपाध्याय, वर्षा घिडोड़े, प्रभारी राजस्व अधिकारी प्रकाश राजपूत, विधि अधिकारी राकेश लालित सहित निगम के समस्त अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए।

### प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त जल प्रदाय हेतु सामूहिक प्रार्थना

महापौर अमृता अमर यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त पार्षदगण, एमआईसी सदस्य, अध्यक्ष एवं निगम परिवार के साथ मिलकर अटल सरोवर में जल देवी की पूजा की गई। यह सामूहिक प्रार्थना इस उद्देश्य से की जाती है कि खंडवा सहित समस्त क्षेत्र में किसी भी प्रकार की जल समस्या न उत्पन्न हो तथा सभी नागरिकों को पर्याप्त जल सुलभ हो सके।